बनेंगे बिगड़े काम खाटू चलिये

बनेंगे बिगड़े काम खाटू चलिये,
बोल के जय श्री श्याम खाटू चलिये,
बाबा श्याम के धाम खाटू चलिये,
बोल के जय श्री श्याम खाटू चलिये........

घर से आप निकलिये आपके साथ निकल देंगे बाबा,
हाथ पकड़ के साथ साथ खाटू को चल देंगे बाबा,
ले के उनका नाम खाटू चलिये,
बोल के जय श्री श्याम खाटू चलिये.....

रिंगस से खाटू नगरी सब पैदल चल कर जाते हैं,
बाबा के चरणों में प्रेमी प्रेम निशान चढ़ाते हैं,
लेकर श्याम निशान खाटू चलिये,
बोल के जय श्री श्याम खाटू चलिये......

लम्बी लाइन में लग के साँवरिया के दर्शन होंगे,
श्याम प्रेमियों के संग लाइन में ही संकीर्तन होंगे,
मिलेंगे बाबा श्याम खाटू चलिये,
बोल के जय श्री श्याम खाटू चलिये.....

खाटू नगरी में बाबा की किर्पा ख़ूब बरसती है,
“मोहित” कर ले सब के मन को,मिलती वहाँ वो मस्ती है,
मिलता वहाँ आराम खाटू चलिये,
बोल के जय श्री श्याम खाटू चलिये.......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30913/title/banege-bigde-kaam-khatu-chaliye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |